<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>यूजी में 7809 व एमसीए में 96 परीक्षार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा</u>

पन्तनगर। 16 जून 2024। विश्वविद्यालय में 2024–25 के लिए यूजी व एमसीए के लिए कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में रविवार को प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। यूजी की प्रवेश परीक्षा अल्मोड़ा, हल्द्वानी, काठगोदाम, पिथौरागढ़, ऋषिकेश, श्रीनगर (पौड़ी–गढ़वाल), देहरादून व पन्तनगर परीक्षा केन्द्रों एवं एमसीए की प्रवेश परीक्षा पन्तनगर केन्द्र पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। परीक्षा नियंत्रक डा. राजीव सिंह ने बताया कि अल्मोड़ा के केन्द्रों पर 384 में से 57 परीक्षार्थी; देहरादून के केन्द्रों पर 2070 में से 481 परीक्षार्थी; काठगोदाम के केन्द्र पर 500 में से 75 परीक्षार्थी; हल्द्वानी के केन्द्रों पर 1220 में से 222 परीक्षार्थी; पिथौरागढ़ के केन्द्रों पर 634 में से 89 परीक्षार्थी; ऋषिकेश के केन्द्र पर 601 में से 167 परीक्षार्थी; तथा श्रीनगर (पौड़ी–गढ़वाल) के केन्द्र पर 352 में से 66 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि पंतनगर विश्वविद्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर कुल 3890 परीक्षार्थियों में से 685 अनुपस्थित रहे। कुल 9651 परीक्षार्थियों में से 7809 ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। इसी प्रकार एमसीए के लिए पन्तनगर परीक्षा केंद्र पर 117 में से 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार 96 परीक्षार्थियों ने एमसीए की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया।

परिसर में भीड़–भाड़ को देखते हुए परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिए गांधी हाल में बैठने की व्यवस्था की गयी थी तथा पानी की व्यवस्था भी की गयी। विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 8 जून 2024 को परास्नातक कार्यक्रम के विभिन्न विषयों के लिए परीक्षा भी सफलतापूर्वक आयोजित की गयी थी।

परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा देते परीक्षार्थी।

निदेशक संचार